
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 04.09.2023 से 09.09.2023)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# हाई पावर लैंड परचेज कमेटी की बैठक

(दिनांक 04.09.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में हुई हाई पावर लैंड परचेज कमेटी (एचपीएलपीसी) की बैठक में पाँच जिलों चरखी दादरी, फरीदाबाद, हिसार, जींद और सिरसा में 6 परियोजनाओं हेतु भू–मालिकों की सहमति से ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से 148 एकड़ भूमि की खरीद को मंजूरी दी गई। इस पर लगभग 96 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि एक माह में इन जमीनों की रजिस्ट्री करवाना सुनिश्चित की जाए और भूमि खरीदने के बाद प्रस्तावित परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए। बैठक में जींद में बरोदी, झांजकलां में नहर आधारित जलापूर्ति योजना के निर्माण हेतु 5.39 एकड़ भूमि की खरीद को



मंजूरी दी गई। इस वॉटर वर्क्स की क्षमता 6 एलएलडी होगी। इसके अलावा, सिरसा जिले के रानियां गांव में भी वॉटर वर्क्स हेतु लगभग 35 एकड़ भूमि की खरीद को स्वीकृति दी गई। हिसार जिला में ओपी जिंदल नलवा डिस्ट्रीब्यूटरी के विस्तार हेतु 4 एकड़ भूमि की खरीद को भी मंजूरी दी गई। बैठक में चरखी दादरी में जिला जेल के निमार्ण हेतु गांव भैरवी में लगभग 98 एकड़ जमीन की खरीद को मंजूरी दी गई। इसके अलावा, फरीदाबाद में दिल्ली दृ मथुरा रोड़ से मुजेसर तक रेलवे लाइन क्रॉसिंग पर आरयूबी के निर्माण हेतु लगभग 1 एकड़ भूमि, हिसार जिला में बास टाउन में बने वॉटर वर्क्स को अपग्रेड करने हेतु एसटीपी बनाने के लिए 5.12 एकड़ भूमि की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई।

बैठक में जुड़े भू–मालिकों ने पारदर्शी तरीके से सरकारी परियोजनाओं के लिए ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि की खरीद हेतु शुरू की गई इस पहल के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार किसानों व गरीब का भला सोचती है। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण एक लंबी प्रक्रिया थी, जिसके कारण विभिन्न विकास परियोजनाओं में अनावश्यक देरी होती थी, इसलिए हमारी सरकार ने एक प्रणाली विकसित की, जिसके तहत ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से किसानों और भू–मालिकों से बातचीत कर उनकी सहमति से भूमि खरीदी जा रही है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## ‘हमारे भारतीय संस्कारों का महत्व’ विषय पर पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम

(दिनांक 04.09.2023)




**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने देर सायं पंचकूला मे ‘हमारे भारतीय संस्कारों का महत्व’ विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर कहा कि जीवन में भौतिक निर्माण के साथ–साथ मनुष्य में अच्छे संस्कारों का समावेश होना अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में हमारा पूरा समाज जितना आगे बढ़ेगा, भारत देश उतनी ही तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं में अच्छे संस्कार उत्पन्न करने को लेकर हरियाणा में 1 सितंबर से नशा मुक्ति अभियान के तहत साइक्लोथॉन का आयोजन किया जा रहा है। इस साईकिल रैली के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं में ज्ञान व शिक्षा के माध्यम से अच्छे संस्कार पैदा करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को समाज मे अच्छे संस्कार मिलते हैं। हमारे




लिए गर्व का विषय है कि हरियाणा के कुरूक्षेत्र में गीता का उपदेश एकमात्र ऐसा उदाहरण है जहां भगवान श्री कृष्ण युद्ध के मैदान में संस्कार की बात बता रहे हैं। गीता का यह उपदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उस समय था। गीता हमे जीवन जीने की कला सिखाती है और जीवन मे हमारा मार्गदर्शन करती है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार भारत को अगले 3 वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के क्लब में शामिल होना है। हम इस दिशा में आगे बढते हुए निरंतर तरक्की की राह पर अग्रसर होगें।



# भिवानी में जेल के विस्तार भवन का लोकार्पण

(दिनांक 05.09.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज जिला कारागार भिवानी के नवनिर्मित विस्तार भवन का उद्घाटन कर कहा कि आज शिक्षक दिवस के अवसर पर जेल के कैदियों को एक करोड रुपए की अतिरिक्त राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कैदियों के लिए अनेक प्रकार की घोषणाओं का पिटारा खोलते हुए राज्य की सभी जेलों में कैदियों के लिए टेली मेडिसिन सुविधा शुरू करने की घोषणा की। इसके अलावा कैदियों के लिए डाइट व्यवस्था बदलने के लिए 10 करोड रुपए की राशि देने की घोषणा की, इससे 10 रुपए के हिसाब से कैदियों की डाइट में इजाफा किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने राज्य की 11 जेलों के बाहर पेट्रोल पंप भी स्वीकृत किए। उन्होंने पुलिस कर्मियों की तर्ज पर जेल कर्मियों को भी हरियाणा राज्य परिवहन की बसों में फ्री सुविधा प्रदान करने की घोषणा की। इसके अलावा जेल कर्मियों के लिए



# साप्ताहिक सूचना पत्र



कपल केस में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के तहत भी सुविधा देने का ऐलान किया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जेल कर्मियों को संकल्प लेना चाहिए कि कैदियों के प्रति अच्छा व्यवहार करेंगे तो मनुष्य निर्माण में अहम योगदान होगा। गुनहगार व्यक्ति को सुधारना कठिन कार्य होता है लेकिन इसे समाज के प्रति अपना दायित्व समझते हुए सही कार्य करना चाहिए ताकि वह सभ्य नागरिक बनकर समाज में जा सके। वर्तमान में 22 हजार अपराधियों के लिए जेलों में रखने के लिए पर्याप्त स्थल है लेकिन सरकार 26 हजार अपराधियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने पर बल दे रही है। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद में जेल का निर्माण करने के लिए जमीन खरीद ली गई है। रेवाड़ी में भी जेल बनाई जा रही है, जिसका अधिकांश निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

फरवरी 2024 में उस जेल का लोकार्पण किया जाएगा। इसके अलावा चरखी दादरी में भी जेल और कार्यालय के लिए 98 एकड़ जमीन की खरीद कर ली गई है। उन्होंने कहा कि जेल में स्टाफ को ट्रेनिंग की आवश्यकता होती है इसके लिए करनाल में जेल ट्रेनिंग सेंटर बनाया जा रहा है जो दिसंबर माह में बनकर तैयार हो जाएगा।

# हिसार जिले में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 06.09.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी आज अपने तीन दिवसीय जन संवाद कार्यक्रम के तहत जिला हिसार के हांसी हलके के गांव थुराना में लोगों की समस्याएं सुन कर कहा कि जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से अब तक 19 हजार समस्याएं आई हैं, उन्हें पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। इनमें से 2500 पूरी की जा चुकी हैं और 13 हजार की डीपीआर तैयार की जा चुकी है। जन संवाद में आने वाली सभी समस्याओं का रिकॉर्ड रख उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास किसी भी कार्य के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। विकास कार्यों के लिए जिला परिषदें और पंचायतें अपने स्तर पर कार्य करें। कुछ फंड राज्य सरकार से भी उपलब्ध करवाया जाएगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने ग्रामीणों की मांग पर थुराना में लगभग 14.50 करोड रुपए की लागत से पेयजल पाईप डालने के कार्य को स्वीकृति प्रदान की। इसके अलावा तीन



# साप्ताहिक सूचना पत्र



सड़कों का निर्माण एंव कच्ची फिरनी को पक्की करने की घोषणा की। उन्होंने 15 गलियों को पक्का करने और शिवधाम योजना के तहत तीन शमशान घाट की चारदिवारी, पेयजल, रास्ते एवं कब्रिस्तान का रास्ता पक्का करने का एलान किया। उन्होंने अनुसूचित जाति की बस्ती में बरसाती पानी की निकासी एवं भाटोल रोड पर खेतों में जलभराव की निकासी करने के कार्य को भी तत्काल प्रभाव से मंजूरी प्रदान की। उन्होंने गांव के बिजली घर में 4 एमबीए से बढाकर 10 एमबीए का ट्रांसफार्मर लगाने की भी स्वीकृति प्रदान की। गांव के खरीद केन्द्र को सब यार्ड बनाने की मंजूरी प्रदान की। लगभग 12 एकड़ में बनने वाले इस सब यार्ड पर 2 करोड़ रुपए की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि जिला परिषद की ओर से गांव के खेल स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रेक से लेकर बुनियादी खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जांएगी। आयुष्मान योजना का जिक्र करते हुये उन्होंने बताया कि गांव के 70 लोगों ने इस योजना के तहत 22. 74 लाख रुपए का लाभ उठाया है, जिनमें से 5 लोगों ने एक लाख रुपए से

अधिक का लाभ लिया है। उन्होंने कहा कि गांव के 26 युवाओं को रोजगार मेलों के माध्यम से स्वरोजगार के लिए ऋण मुहैया करवाया गया तथा 92 युवाओं को ऋण देने का कार्य पाईप लाईन में है। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को गांव के स्कूल में वोकेशनल कक्षाएं शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं को विदेशों में रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए ओवरसीज प्लेसमेंट सैल का गठन किया है। इसके लिए कई देशों में नर्स, फिजियोथेरेपिस्ट, ड्राइवर, इलेक्ट्रीशियन आदि की आवश्यकता होती है। सरकार ने युवाओं के लिए ऐसे प्रशिक्षण देने की राज्यभर में व्यवस्था की है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से आज जन्म, मृत्यु रजिस्ट्रेशन के अलावा आय एवं जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य स्वतः ही हो रहे हैं। इसके अलावा पेंशन, बीपीएल राशन कार्ड बनाने का कार्य भी पीपीपी के तहत एक बटन से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों 12.50 लाख गरीब परिवारों के राशन कार्ड बनाने के अलावा 1.80 लाख रुपए से कम आय वाले परिवारों को 5 लाख रुपए तक का आयुष्मान योजना का लाभ देने का कार्य किया गया है। इसके अलावा उज्जवला योजना के तहत 9 लाख गैस कनेक्शन जारी किए गए हैं। सरकार ने अब इन सिलेण्डरों पर मिलने वाली सब्सिडी बढ़ाकर 200 रुपए से 400 रुपए कर दी है।

माननीय मुख्यमंत्री जी आज जिला हिसार में हांसी विधानसभा क्षेत्र के गांव ढाणा कलां में जन संवाद कार्यक्रम में लोगों से सीधा संवाद कर यह घोषणा करते हुए कहा कि गांवों के लिए चौकीदार व सफाईकर्मी जैसे स्वीकृत पदों हेतु वर्ष 2011 की जनसंख्या को आधार नहीं माना जाएगा, बल्कि परिवार पहचान पत्र डाटा में दर्ज 31 दिसम्बर, 2022 तक की जनसंख्या मान्य होगी। गांवों में जनसंख्या के आधार पर इन पदों को स्वीकृत किया जाता है। उन्होंने



जनसंवाद कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने पर जिला खेल अधिकारी को निलंबित किया। उन्होंने कहा कि गांव के खेल स्टेडियम में सामान सहित स्टाफ की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। शिवधाम योजना के तहत गांव के शमशान घाट का रास्ता पक्का बनवाया जाएगा। गांव में सामुदायिक भवन का निर्माण और गांव में पुस्तकालय बनाने की भी स्वीकृति प्रदान की। इसके अलावा, गांव के प्राइमरी स्कूल के भवन की मरम्मत करवाने, धर्मशाला बनाने और 4 एकड़ में गौशाला बनाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गौशालाओं का बजट 10 गुना बढ़ा दिया है। यह फंड उस गौशाला को दिया जाएगा, जो बेसहारा पशुओं की देखभाल करेगी। माननीय मुख्यमंत्री जी आज बुधवार को जिला हिसार में हांसी विधानसभा के गांव कुलाना में जनसंवाद कार्यक्रम में सिंचाई व पुलिस विभाग के अधिकारियों को आदेश देते हुए से कहा कि पानी चोरी करने वालों को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाए। उन्होंने बीड माइनर की पटरी को पक्का बनाने के साथ ही पेट्रोलिंग बढ़ाने के भी आदेश

दिए। माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष ग्रामीणों ने मांग की थी कि बीड माइनर पर नहरी पानी की चोरी हो रही है, जिससे उनके खेतों में पानी नहीं पहुंच पाता। इस पर उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को पानी चोरी करने वालों पर सख्ती बरतने और कानूनी कार्रवाई करने के आदेश दिए। उन्होंने जनसंवाद कार्यक्रम में कुलाना गांव के दसवीं तक के स्कूल को 12वीं तक करने और स्कूल में लाइब्रेरी बनाने की घोषणा भी की। गांव कुलाना की फिरनी को पक्का करने, गांव में शेड्यूल रूट निर्धारित करके बस चलाने, बस क्यू शेल्टर का निर्माण करने, कुलाना से खरड़, कुलाना से लालपुरा और कुलाना से भाटला तक सडक़ मुरम्मत करने, शिवधाम योजना के तहत गावों के शमशान घाट और कब्रिस्तान में चारदीवारी, रास्ते को पक्का करने, शेड निर्माण और पीने के पानी की व्यवस्था करने, गांव के दोनों तालाबों पर घाट बनाने और चारदीवारी बनाने की घोषणा की। जन संवाद कार्यक्रम में गांव कुलाना के साथ–साथ अन्य गांवों के सरपंच भी पहुंचे, जिनसे माननीय



# साप्ताहिक सूचना पत्र

मुख्यमंत्री जी ने संवाद किया और उनकी मांगे सुनी। गांव शेखपुरा में सरपंच द्वारा सामुदायिक केंद्र बनाने की मांग को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव भेजने के आदेश दिए और साथ ही शेखपुरा को सैनीपुरा फीडर से बिजली आपूर्ति करने के भी निर्देश दिए। गांव कुतुबपुर में पीने के पानी की सप्लाई को भाखड़ा से जोड़ने, ढाणी पाल से सैनीपुरा सड़क की रिपेयर करने, गांव भाटला में मैन चौपाल के निर्माण करने की भी घोषणा की।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज वीरवार को हिसार जिला के सातरोड़ खास गाँव में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत लोगों से सीधा संवाद कर कहा कि शहरी क्षेत्र में शामिल हुए गांवों के खेतों के रास्तों को पक्का करने के लिये प्रदेश स्तर पर योजना बनाई जाएगी। इस योजना से शहरी क्षेत्र में शामिल गांवों के खेतों के रास्ते को पक्का किया जाएगा ताकि किसानों को फसल लाने व ले जाने में सुविधा हो सके। जनसंवाद कार्यक्रम में संत शिरोमणि श्री धन्ना भगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिलें भी वितरित की।

उन्होंने कहा कि गांवों के खेतों के रास्ते को पक्का करने के लिए सरकार ने पहले ही खेत खलिहान योजना बनाई हुई है, उसके तहत रास्तों को पक्का किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में शामिल





गांवों के लिये अब नई योजना बनाकर रास्तों को पक्का किया जाएगा। उन्होंने कहा सातरोड़ खास गाँव जो अब नगर निगम, हिसार का हिस्सा है, इस गाँव में अमृत योजना के तहत काम किया गया था। इस योजना के तहत जो काम शेष रह गए हैं उन्हें एक माह में शुरू करवाया जायेगा। इसके साथ ही गांव में समाधि सलि का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। गांव में सामुदायिक केंद्र का निर्माण, चार करोड़ रुपये की लागत से गलियों का निर्माण, नई खेल स्टेडियम पॉलिसी के तहत स्टेडियम का निर्माण करने सहित व्यावहारिकता होने पर सब हेल्थ सेंटर को अपग्रेड किया जाएगा। आयुष्मान योजना के तहत सातरोड़ खास में 2829 कार्ड बनाए गये हैं और 93 लोगों ने इस योजना का लाभ उठाकर 30 लाख रुपये का इलाज कराया है। प्रदेश सरकार ने राशन कार्ड का लाभ पात्र लाभार्थी को दिया हैं। प्रदेश में 12.50 लाख नये राशन कार्ड बनाये गए हैं। सातरोड़ खास में भी 833 नये राशन कार्ड बनाये गये हैं। जनसंवाद कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष गांव खरड़ के ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में 38 एकड़ पर अवैध कब्ज़े है, जिनको हटाया

जाये। इस पर उन्होंने कहा कि पंचायत एक प्रस्ताव दे और उपायुक्त नियमानुसार इन कब्जों को खाली करवाये। गांव सातरोड़ खास के जोहड़ पर भी कब्ज़े की शिकायत पर उन्होंने कहा कि नगर निगम मेयर इस पर उचित करवाई करें और अवैध कब्ज़े को हटवाएं। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की जनता को त्वरित व पारदर्शी तरीके से सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना विपक्ष के नेताओं का रास नहीं आ रहा है। विपक्षी नेताओं ने तो यह कहना आरंभ कर दिया है कि अगर उनकी सरकार बनती है तो वे फैमिली आईडी और पोर्टल की व्यवस्था को समाप्त कर देंगे। इससे यह प्रतीत होता है कि न तो वे प्रदेश का विकास चाहते हैं और न ही जनता की भलाई।



# गुरु जम्भेश्वर जी का 572 वा अवतरण दिवस समारोह

**(दिनांक 07.09.2023)**

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने जन्माष्टमी के अवसर तथा गुरू जम्भेश्वर महाराज के 572वें अवतरण दिवस पर गुरू जंभेश्वर मंदिर, हिसार में आयोजित समारोह में मुख्यातिथि संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति भगवान का रूप है, इसलिए इसका संरक्षण करना हमारी सामूहिक जिम्मेवारी है। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी भजन लाल की प्रतिमा का अनावरण भी किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगवान श्री कृष्ण ने गीता, कर्म की महता और धर्म की विजय का संदेश मानवजाति को दिया, उसी प्रकार गुरू जम्भेश्वर भगवान ने 16वीं सदी में प्रकृति को बचाने, पर्यावरण व वनस्पति के महत्व का संदेश देकर समाज में जागृति पैदा की। उन्होंने कहा कि गुरू जम्भेश्वर महाराज का प्रकृति के संरक्षण के संदेश की कोविड–19 के दौरान विशेषता महसूस



की गई, जब ऑक्सीजन की कमी हो गई। संत महात्मा ने अपने–अपने तरीके से जो संदेश दिए थे, वे उस समय भी प्रासंगिक थे और आज भी हैं। उन्होंने कहा कि महापुरूषों का उत्सव हमें उत्साह से भरता है। युवा पीढ़ी को महापुरूषों की शिक्षाओं व जीवनी के बारे जागरूक करने के लिए ऐसे उत्सव का महत्व बढ़ जाता है।

पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजन लाल को याद करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग आज उनका नाम भी चौधरी भजन लाल के साथ जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि श्री भजन लाल ने बिना भेदभाव के पूरे हरियाणा का एक सामान विकास करवाया था और वे स्वयं भी हरियाणा एक–हरियाणवी एक के मूलमंत्र पर चलते हुए सभी विधानसभाओं में एक सामान विकास कार्य करवा रहे हैं। बिश्रोई महासभा की ओर से दिए गए मांग पत्र को भी पूरा करने का आवश्वास दिया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने मटका चौक हिसार का नाम चौधरी भजन लाल के नाम पर करने, प्रदेश में किसी संस्था का नाम भी चौधरी भजन लाल के नाम पर रखने का आश्वासन दिया। इसके अलावा, रेलवे स्टेशन का नाम चौधरी भजन लाल के नाम पर रखने के लिए रेलवे मंत्रालय को पत्र अवश्य लिखेंगे। माननीय मुख्यमंत्री जी ने बिश्रोई महासभा को 21 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।




# साप्ताहिक सूचना पत्र

## रोजगार मेलों में रोजगार पाने वाले युवाओं से सीधा संवाद

(दिनांक 09.09.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत दिल्ली से ऑडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से रोजगार मेलों में रोजगार पाने वाले युवाओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने युवाओं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हुए कहा कि जनवरी 2019 से अब तक राज्य में 1450 रोजगार मेले आयोजित कर 31217 युवाओं को रोजगार सहायता प्रदान की गई हैं। इसके अलावा इन मेलों में पूर्ण पारदर्शिता के आधार पर रोजगार के लिए नियुक्ति पत्र भी सौंपे गए है। यह नियुक्ति पत्र जीवन में आगे बढ़ने की सीढ़ी और उनकी योग्यता का प्रमाण भी है। रोजगार मेलों के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नए नए अवसर प्रदान करना सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। स्वावलम्बन एवं स्वाभिमान युवाओं के उत्थान व कल्याण के दो महत्वपूर्ण आधार स्तम्भ है। सरकार ने युवाओं के स्वाभिमान की रक्षा के लिए नौकरियों को मिशन मेरिट में बदला है और योग्यता के आधार पर बिना खर्ची पर्ची के सरकारी नौकरियां देकर युवाओं का मनोबल बढ़ाया हैं। अब तक एक लाख 14 हजार सरकारी नौकरियां दी गई हैं



# साप्ताहिक सूचना पत्र

तथा 56 हजार और नौकरियां प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा 2 लाख युवाओं को रोजगार देने के लिए अनेक कार्य किए जाएगें। वर्ष 2014 से अब तक निजी उद्योगों में भी 19 लाख युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 24 लाख 43 हजार युवाओं को स्वरोजगार खड़ा करने के लिए आर्थिक सहायता देने का कार्य किया गया है। इस प्रकार निजी क्षेत्र में भी रोजगार तथा स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत लाखों युवाओं को लाभ पहुंचाया है और इसे आगे भी पहुंचाया जाएगा। युवाओं को बार बार आवेदन एवं फीस से निजात दिलाने के लिए एकल पंजीकरण सुविधा तथा प्रतियोगी परीक्षा के लिए कॉमन पात्रता परीक्षा का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान



# साप्ताहिक सूचना पत्र

योजना के तहत एक लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के युवाओं को योग्यता के आधार पर हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से रोजगार सुनिश्चित किया गया है।जिन परिवारों में कोई भी व्यक्ति सरकारी नौकरी में नहीं है उन परिवारों के युवाओं को कौशल रोजगार निगम के माध्यम से कच्चे कर्मचारियों की भर्ती में 5 अतिरिक्त अंक की प्राथमिकता दी जा रही है।

वर्ष 2023–24 में 2 लाख बेरोजगार युवाओं को राष्ट्रीय कौशल योग्यता के लिए कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य है। इसके लिए हरियाणा कौशल विकास मिशन के माध्यम से विशिष्ट प्रशिक्षण और पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

अब तक हरियाणा कौशल विकास मिशन के तहत 80 हजार से अधिक युवाओं को कौशल प्रदान किया जा चुका है ताकि वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें। युवाओं को आधुनिक रोजगार परक विषयों का प्रशिक्षण व शिक्षण उपलब्ध करवाने के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विकास विश्वविद्यालय की स्थापना भी की गई है। इसमें हर वर्ष 15 से 20 हजार युवाओं को प्रशिक्षण देने का प्रावधान किया गया है।

विदेशों में रोजगार तलाश करने वाले युवाओं के लिए शिक्षा व रोजगार के अवसर सुलभ करवाने हेतु विदेश सहयोग विभाग बनाया है। विदेशों में रोजगार तलाशने वाले युवाओं के कॉलेज स्तर पर ही निःशुल्क पासपोर्ट बनाए जाते हैं। विशेषकर टेक्नीशियन, प्लंबर, राज मिस्त्री तथा इलेक्ट्रीशियन आदि को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए मिस्त्री हरियाणा पोर्टल व ऐप बनाया गया है।

युवाओं को रोजगार में सक्षम, चरित्रवान और उनमें नैतिक गुणों का समावेश करने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई है। नई शिक्षा नीति के मूल उद्देश्य को प्राप्त करने की दिशा में स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय तक की शिक्षा को कौशल से जोड़ा गया है।